हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट में के कृषि में बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया के बाजारों में वैश्विक मांग को देखते हुए हमें देश के विभिन्न भागों में जलवायु अनुकूल उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

प्रधानमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से **कृषि और ग्रामीण बदलाव** पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित कर रहे थे।

श्री मोदी ने कहा -

श्री मोदी ने कृषि और विश्वकर्मा को अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार बताते हुए कहा-

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि भारत की लंबी विकास यात्रा का प्रमुख स्तंभ है।

श्री नरेंद्र मोदी ने न्यूनतम समर्थन मुख्य में हुए सुधार को लेकर कहा -

श्री मोदी ने उच्च मूल्य के कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया। वेबिनार में एआई सक्षम कृषि डिजिटल बुनियादी □ांचा- **भारत विस्तार** से उपलब्ध अवसरों पर भी चर्चा हुई।

उल्लेखनीय है कि इस विषय के तहत आठ वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें चार प्रमुख सेक्टर- कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्य पालन और ग्रामीण आजीविका पर विचार-विमर्श होगा।

****

ग्रामीण विकास मंत्रालय, माई भारत के सहयोग से, आज से राष्ट्रव्यापी **वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान** शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य विकसित भारत - ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का लक्ष्य युवाओं को इस पहल के केंद्र में रखकर प्रश्नोत्तरी, वीडियो चुनौतियों और रचनात्मक प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि इसे एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जन आंदोलन बनाया जा सके।

****

चंडीगढ़ खेल विभाग द्वारा केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड के तत्वावधान में 10 मार्च तक चंडीगढ़ में
अखिल भारतीय सिविल सेवा वेटलिफ्टिंग एवं पावरलिफ्टिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। पुरुष एवं महिलाऑन का यह टूर्नामेंट कल शुरू हुआ ।

टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों द्वारा खेल शपथ लेने के साथ हुई, जिसमें उन्होंने निष्पक्ष खेल और खेल भावना को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।
इस अवसर पर चंडीगढ़ एमेच्योर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलदीप सिंह, उपाध्यक्ष,
के.डी.एस. नागरा मौजूद रहे।
देशभर के विभिन्न केंद्रीय सरकारी विभागों और संगठनों से लगभग 400 प्रतिभागी इन वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग मुकाबलों में भाग ले रहे हैं।

कल आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में सीनियर महिला वर्ग में महाराष्ट्र से कलाल के. भाकरे ने प्रथम, छत्तीसगढ़ रायपुर से संगीता देवांगन ने द्वितीय और कर्नाटक से लक्ष्मी डी. ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह

सीनियर पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ रायपुर से सूरज रामटेके ने प्रथम, अजय ने द्वितीय और हरियाणा यमुनानगर से पवन ने तृतीय स्थान

प्राप्त किया।

प्रतियोगिताएं आगामी दिनों में जारी रहेंगी, जिसमें पुरुष एवं महिला वर्गों की विभिन्न भार श्रेणियों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

****